संख्या-193जे0एल0/22-3-2025-ई-1919616

प्रेषक,

ममता श्रीवास्तव,

अनु सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिदेशक/महानिरीक्षक,

कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,

उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-3 लखनऊः दिनांकः 17-04-2025

विषय:- जिला कारागार, कौशाम्बी में निरूद्ध विचाराधीन बंदी छविनाथ यादव पुत्र श्री सुन्दरलाल यादव को प्रशासनिक आधार पर अन्यत्र कारागार में स्थानांतरित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके कार्यालय के पत्र संख्या-17241/सामा-1(5)/128/बंदी स्था0/2025, दिनांक 16-04-2025 में की गयी संस्तुति के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सम्यक् विचारोपरान्त उत्तर प्रदेश जेल मैनुअल के प्रस्तर-118 सपठित प्रस्तर-385 में निहित प्रावधानों के अनुसार जिला कारागार, कौशाम्बी में निरूद्ध विचाराधीन बंदी छविनाथ यादव (बंदी संख्या-771/2023) पुत्र श्री सुन्दरलाल यादव, निवासी करेंटी, थाना-मानिकपुर, जनपद-प्रतापगढ़ को प्रशासनिक आधार पर जिला कारागार, कासगंज स्थानांतरित किये जाने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2- कृपया उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुए अनुपालन आख्या शासन को शीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,
ममता श्रीवास्तव
अनु सचिव

संख्या व दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- निजी सचिव, मा0 मंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।

2- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 को मा0 राज्यमंत्री जी के सूचनार्थ।

3- अपर पुलिस महानिदेशक, कानून एवं व्यवस्था, उ0प्र0, लखनऊ।

4- जिला मजिस्ट्रेट, कौशाम्बी/कासगंज।

5- पुलिस अधीक्षक, कौशाम्बी/कासगंज।

6-अधीक्षक, जिला कारागार, कौशाम्बी/कासगंज को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि प्रश्नगत बंदी को स्थानांतरित/दाखिल किये जाने की सूचना (अनुभाग की ई-मेल पर) शासन को तत्काल उपलब्ध करायें।

7- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
ममता श्रीवास्तव
अनु सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।